**श्री एके श्रीवास्तव, बीईएमएल के नए निदेशक (रक्षा व्यवसाय)**

श्री एके श्रीवास्तव ने सोमवार (1 जून 2020) को भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के अधीन श्रेणी 'ए' कंपनी बीईएमएल लिमिटेड के निदेशक (रक्षा व्यवसाय) के रूप में पदभार ग्रहण किया है और बीईएमएल लिमिटेड के बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस उन्नति के पहले, वे बीईएमएल रक्षा (विपणन) में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।



वे आईआईटी, खड़गपुर से यांत्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि हासिल किए हैं और सन् 1987 में बीईएमएल में इंजीनियर प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुए थे। बीईएमएल में तीन दशक से अधिक के अपने पेशेवर कैरियर में, उन्होंने कंपनी के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में, विदेशों सहित विभिन्न भौगोलिक स्थानों पर कार्य संभाला है।

**बीईएमएल द्वारा एक रिलीज़**

तारीख : 01.06.2020
स्थान : बेंगलूर